**सीबीएसई के सहयोग से एनएसडीसी ने स्कूल के स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए 'जूनियर स्किल्स चैम्पियनशिप' का पहला संस्करण लॉन्च किया**

**यह चैम्पियनशिप प्राथमिक स्तर पर स्किलिंग को एकीकृत करके स्किल इंडिया मिशन को प्रोत्साहित करेगी**

– छात्र *https://worldskillsindia.co.in/JuniorSkills2021* पर पंजीकरण कर सकते हैं
– छठी से बारहवीं कक्षा तक के सीबीएसई छात्रों के लिए शुरू हो रही
– प्रतियोगिता पूरे भारत में लगभग 25,000 सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों तक पहुंचेगी
– पुरस्कारों में नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र, तकनीकी सहायता उपकरण, और बहुत कुछ शामिल हैं। टॉप 21 छात्रों को वर्ल्डस्किल्स इंटरनेशनल की यात्रा करने का अवसर मिलेगा

**नई दिल्ली, 03 फरवरी, 2021:** स्कूल के स्तर पर तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा (टीवीईटी) के एकीकरण को बढ़ाने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के सहयोग से आज **जूनियर कौशल चैम्पियनशिप 2021** के पहले संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। यह चैंपियनशिप स्किल इंडिया मिशन के मूल्यों और उद्देश्यों को साझा करती है और राष्ट्र निर्माण के एक हिस्से के रूप में एक उत्पादक और आत्मनिर्भर कार्यबल बनाने के हित में तकनीकी और व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण पर जोर देती है।

2011 के बाद से वर्ल्ड स्किल्स इंटरनेशनल प्रतियोगिताओं में भारत की अग्रणी भागीदारी के अपने अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए, एनएसडीसी का इस पहल का उद्देश्य, कम उम्र में देश के युवाओं में कौशल विकास के महत्व के बारे में व्यापक जागरूकता पैदा करना है। वस्तुतः इस वर्ष आयोजित की जाने वाली चैंपियनशिप, छात्रों को प्रतिभा और रुचियों की पहचान करने और तेजी से बदलती दुनिया के लिए सूचित करियर विकल्प बनाने के अवसर प्रदान करेगी। जूनियर स्किल्स के लिए पंजीकरण आज से 19 फरवरी 2021 तक खुला है।

चैंपियनशिप को पूरे भारत में लगभग 25,000 से अधिक सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के माध्यम से बढ़ावा दिया जाएगा। देश भर में छठवीं से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्रों पर लक्षित, **जूनियर कौशल चैम्पियनशिप 2021** भारत के प्रतिभाशाली बच्चों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। साथ ही, यह विश्वस्किल्स प्रतियोगिताओं के लिए एक पाइपलाइन बनाएगी

और शिक्षा को उद्योग से संबंधित कौशल के साथ जोड़ेगी। इसके अलावा, चैंपियनशिप अंतर्राष्ट्रीय मानकों और मूल्यांकन मानदंडों को भी आत्मसात करेगी, विश्वस्किल के मानकों के अनुसार शिक्षकों की क्षमता का निर्माण करेगी, छात्रों के बीच रोल मॉडल बनाएगी और युवाओं के लिए कौशल को आकांक्षी बनाएगी। चैंपियनशिप में अगले दो महीनों के दौरान असंख्य गतिविधियां होंगी, जिनमें स्कूलों के लिए कौशल प्रतियोगिताएं, कैरियर परामर्श वेबिनार, डिजिटल सेमिनार और पैनल चर्चा, ऑनलाइन बूट शिविर और शिक्षाविदों की राउंडटेबल कॉन्फ्रेन्स शामिल हैं जो अप्रैल 2021 में होने वाली अंतिम राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए अग्रणी हैं।

**कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय** ने इस पहल की सराहना की और कहा कि स्कूली स्तर पर कौशल प्रशिक्षण की शुरुआत बच्चों को आजीवन सीखने के अवसर प्रदान करने और भविष्य में स्थायी आजीविका की संभावनाओं को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। स्किल इंडिया मिशन के अंतर्गत, हमने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप कम उम्र में कौशल को एकीकृत करने की दिशा में अपने प्रयासों को मजबूत किया है। जैसे-जैसे हम भारत को विश्व को कौशल राजधानी बनाने की ओर अग्रसर हो रहे हैं, अब  सही समय है कि हम अपने स्कूलों से इस पहल की शुरूआत करें जिसमें सही ज्ञान, जागरूकता और कौशल सेट का निर्माण किया जा सके।

**राष्ट्रीय कौशल विकास निगम** ने जोर देते हुए कहा कि जूनियरस्किल्स चैंपियनशिप बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा की ताकत और लंबे समय में कैरियर पर इसके होने वालो सकारात्मक प्रभाव से परिचित कराएगी। चैंपियनशिप कौशल को युवाओं के लिए वास्तव में आकांक्षी बनाने की दिशा में योगदान देगी।”

**केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई)** ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि  बोर्ड का उद्देश्य कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण को शिक्षा का एक अभिन्न अंग बनाना है। एनएसडीसी के साथ जूनियरस्किल्स चैंपियनशिप शुरू करने के लिए हमारा उद्देश्य एक ऐसा मंच बनाने का है जो कौशल विकास के माध्यम से बच्चों को असीम कैरियर के अवसरों को उजागर करेगा। यह छात्रों को अपनी अंतर्निहित क्षमताओं की खोज करने और कम उम्र से ही अपने करियर को आकार देने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इसके साथ ही, यह हमें भविष्य की नौकरियों के लिए तेजी से कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए स्कूली स्तर पर कौशल विकास को एकीकृत करने के लिए शिक्षकों को सशक्त बनाने में मदद करेगा।

जूनियर स्किल्स चैंपियनशिप 2021 को इवेंट पार्टनर के रूप में आईसीआईसीआई बैंक जैसे निजी भागीदारों से समर्थन मिला है और क्रेनसिया से एक टेक्नोलॉजी

भागीदार के रूप में और पर्ल एकेडमी से एक अकादमिक स्किल भागीदार के रूप में सहयोग मिला है। अन्य कौशल भागीदारों में राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफएससी), स्माल्ट एंड बेरिल, डी-लिंक, भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), स्किल काउंसिल फॉर ग्रीन जॉब्स (एससीजीजे), दिल्ली स्कूल ऑफ फोटोग्राफी (डीएसपी) और होलोसूट शामिल हैं। जागरण जोश और अमर उजाला मीडिया पार्टनर और आई-स्किल जूनियर एक आउटरीच पार्टनर के रूप में आए हैं।

चैंपियनशिप को नवीनतम **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020** के अनुसार लागू किया गया है, जिसमें स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के एकीकरण पर जोर दिया गया है। सीबीएसई साथ जुड़े स्कूलों के बीच कौशल प्रतियोगिताओं के लिए मानदण्ड को बढ़ावा देने और उन्हें स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

चैंपियनशिप चार स्तरों पर आयोजित की जाएगी - स्क्रीनिंग, क्वालीफाइंग, सेमी-फाइनल और फाइनल। वर्तमान कोविड स्थिति के बीच, चैम्पियनशिप के पहले तीन स्तरों का आयोजन ऑनलाइन किया जाएगा। इसका समापन दिल्ली में ग्राउंड पर आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। प्रतियोगिता के स्तर को आगे तीन समूहों में वर्गीकृत किया जाएगा:

| **समूह** | **कक्षा** |
|---|---|
| समूह 1 | 6ठवीं से 8वीं |
| समूह 2 | 9वीं और 10वीं |
| समूह 3 | 11वीं और 12वीं |

दस प्रकार के कौशल के लिए राष्ट्रीय स्तर की कौशल चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी:

| # | कौशल की श्रेणी | समूह | # | कौशल की श्रेणी | समूह |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| **1** | वेब टेक्नोलॉजीज | 2 और 3 | **6** | मोबाइल रोबोटिक्स | 2 और 3 |
| **2** | बिज़नेस के लिए आईटी सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन्स | 2 और 3 | **7** | पेंटिंग और डेकोरेटिंग | 1, 2 और 3 |
| **3** | विज़ुअल मर्चेन्डाइज़िंग | 2 और 3 | **8** | सोलर एनर्जी | 3 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **4** | ग्राफ़िक डिज़ाइन | 2 और 3 | **9** | इनोवेटिव बिज़नेस आइडियाज़ | 2 और 3 |
| **5** | फैशन टेक्नोलॉजी | 2 और 3 | **10** | डिजिटल फोटोग्राफी | 1, 2 और 3 |

**छात्रों के लिए नोट:**

- सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों के कक्षा 6ठवीं से 12वीं तक के छात्र भाग ले सकते हैं।
- स्कूल प्राधिकरण ऑनलाइन निर्धारित प्रारूप में विस्तृत प्रविष्टियाँ प्रस्तुत कर सकते हैं।
- पंजीकरण की अंतिम तिथि 19 फरवरी 2021 है।
- https://worldskillsindia.co.in/juniorSkills2021 पर भागीदारी के लिए आवेदन करने हेतु पंजीकरण फॉर्म भरें।
- सामान्य जानकारी और प्रश्नों के लिए, पोर्टल पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न पढ़ें।
- स्क्रीनिंग और चयन राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा किया जाएगा।

***